# मेरा भोला बड़ा मतवाला सोहे गले बीच सर्पों की माला

मेरा भोला बड़ा मतवाला,
सोहे गले बीच सर्पों की माला।bd।

---

माथे चन्दा सुहाए,
जटा गंगा बहाये,
कमर बांधे हुए मृगछाला,
मेरा भोला बडा मतवाला।bd।

---

खाते भंगिया धतूर,
करें नशा भरपूर,
समुद्र मंथन का विष पीने वाला,
मेरा भोला बडा मतवाला।bd।

---

रहे परबत कैलाश,
गौरा मइया के साथ,
गोद में बैठे गणपति लाला,
मेरा भोला बडा मतवाला।bd।

---

मेरा भोला बड़ा मतवाला,
सोहे गले बीच सर्पों की माला।bd।

गायक – हरिवंश प्रताप।
**8765674570**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com